Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
In news In November 2016

# आधुनिक भारत के शिल्पकार थे सरदार पटेल : प्रो. टंकेश्वर



गुजवि में कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। जागरण

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। खून का एक कतरा भी बहाएं बिना उन्होंने 562 स्वतंत्र रियासतों को भारत में मिला लिया। कृतज्ञ राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

प्रो. कुमार सोमवार को विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सभागार में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय के सौजन्य से किया गया था।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत वर्तमान में तेजी से प्रगति के पथ पर है। इसके बावजूद कई समस्याएं हैं जिनका हल जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के जुड़ी भारत की अधिकतर समस्याओं का समाधान सरदार वल्लभ भाई पटेल के रास्ते पर चलकर किया जा सकता है। विचार गोष्ठी के मुख्यवक्ता डीएन कालेज के प्रोफेसर डा. महेंद्र सिंह थे। उन्होंने बताया कि जब आजादी के समय भारत का 45 प्रतिशत हिस्सा रियासतों के अधीन था। रियासतों के ये अधिकार थे कि वे भारत के साथ रहे या पाकिस्तान के साथ या फिर स्वतंत्र रूप से रहने का अधिकार भी उनके पास था। यह भारत के प्रथम के गृहमंत्री वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता थी कि उन्होंने सभी रियासत भारत में मिला ली।

दैनिक भास्कर - 1/11/16

कार्यक्रम

जीजेयू के सांस्कृतिक विभाग की ओर से विश्वविद्यालय के सभागार में हरियाणा स्वर्ण जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी

# हरियाणा की 50 साल की गौरव गाथा पर डाला प्रकाश

भास्कर न्यूज़ | हिसार

जीजेयू में सांस्कृतिक मामलों के विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के सभागार में हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष और राष्ट्रीय एकता सप्ताह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर समारोह के मुख्यातिथि थे। डीन एल्मुनाई रिलेशंस प्रो. एमएस तुरान ने समारोह की अध्यक्षता की। निदेशक जनसंपर्क एवं आउटरीच प्रो. कर्मपाल नरवाल और प्रो. मनोज दयाल इस संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता थे।

डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने राष्ट्रीय एकता और भारत के तेजी से आर्थिक विकास में हरियाणा के योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. पुंडीर ने कहा कि नई पीढ़ी को हरियाणा के गौरवशाली 50 वर्षों के सफर के बारे में बताया जाना चाहिए, वह व्यक्ति हरियाणा पर गर्व महसूस कर सके तथा हरियाणा राज्य के विकास में तथा भारत को महान राष्ट्र तथा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शक्ति बनाने में योगदान दे सके। इस अवसर पर प्रो. ऊषा अरोड़ा, प्रो. एससी कुंडू, डॉ. सुरेश मित्तल, डॉ. अनुराग, डॉ. दीपक, एसएल सैनी, मुकेश कुमार, दिनेश चुघ, संदीप गौरी, निदेशक पीडीसीपीए प्रवीन कुमार, संकायों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं शाखाओं के अधिकारी उपस्थित थे।



जीजेयू में हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्ष और राष्ट्रीय एकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में मंच पर उपस्थित कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर एवं अन्य अतिथिगण।

## पांच दशक में हुए परिवर्तन की दी जानकारी

प्रो. कर्मपाल नरवाल ने कहा कि हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कृषि और विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार के साथ राज्य ने राज्य सेवा क्षेत्र में काफी तरक्की की है। हरियाणा 1967-68 में स्थिर मूल्यों पर 332 करोड़ रुपये को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) था, वहीं यह 2015-16 में 3,96,642 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हरियाणा की स्थापना के समय केवल एक विश्वविद्यालय था, विश्वविद्यालयों के संख्या 40 से अधिक हो चुकी है। इसी प्रकार उस समय हरियाणा में केवल 41 महाविद्यालय थे, अब इनकी संख्या 750 का आंकड़ा पार कर चुकी है।

स्थापना के समय लघु उद्योग इकाइयों की संख्या 4753 थी जोकि अब 88014 हो चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा बलों में हरियाणा के योगदान का योगदान जबरदस्त रहा है। हरियाणा राज्य देश की जनसंख्या में दो प्रतिशत है जबकि हरियाणा राज्य के जवानों की संख्या सुरक्षा बलों में 10 प्रतिशत है। खेल में भी हरियाणा के योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर जबरदस्त रहा है। मेधा दयाल ने इस अवसर पर मंच का संचालन किया। संगोष्ठी में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दैनिक भास्कर - 2/11/16

# जीजेयू के कई कोर्सों को एनबीए ने दी मान्यता

हिसार, 3 नवम्बर (निस) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रिंटिंग टैक्नॉलोजी, इन्वायर्नमैंटल साईस एंड इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साईस एंड इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागों के एमटैक कोर्सों को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) द्वारा आगामी दो वर्षों के लिए मान्यता दे दी गई है। इस सम्बंध में एनबीए की ओर से विश्वविद्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह विश्वविद्यालय के लिए एक शानदार उपलब्धि है। एनबीए की मान्यता के लिए विश्वविद्यालय ने 03 जून 2014 को आवेदन किया था। विश्वविद्यालय में 12 से 14 अगस्त 2016 तक एनबीए टीम ने दौरा किया था। विश्वविद्यालय में दौरा करने वाली टीम द्वारा दी गई रिपोर्ट की जांच के बाद एनबीए द्वारा विश्वविद्यालय के संबंधित कोर्सों को मान्यता देने का निर्णय लिया गया। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने एनबीए कोर्डिनेटर व उसकी पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने विश्वविद्यालयों के विभागाध्यक्षों, नोडल आफिसर्स, स्टाफ, टीईक्यूआईपी-2 के प्रतिभागी विभागों के विद्यार्थियों, डायरेक्टर आईक्यूएसी, कुलपति के सलाहकार, संकायों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों तथा अन्य अधिकारियों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# मैथेमेटिक्स एंड इट्स एप्लीकेशंस इन साईस एंड टैक्नॉलोजी पर कांफ्रेंस 9 से

हिसार, 4 नवम्बर (निस) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के गणित विभाग द्वारा 'मैथेमेटिक्स एंड इट्स एप्लीकेशंस इन साईस एंड टैक्नॉलोजी' विषय पर 9 व 10 नवंबर को राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि होंगे। अध्यक्षता कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर करेंगे। प्रो. कुलदीप बंसल कान्फ्रैंस के सह संरक्षक होंगे। कांफ्रेंस संयोजक प्रो. सुनीता पानू ने बताया कि पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ के प्रो. एस.के. तोमर कांफ्रेंस के मुख्य वक्ता होंगे। कान्फ्रैंस में 100 से ज्यादा शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कांफ्रेंस में विभिन्न सत्रों में सात विषय विशेषज्ञ संबोधित करेंगे। कांफ्रेंस के सह संयोजक प्रो. मुकेश कुमार शर्मा होंगे जबकि डा. कपिल कुमार व डा. पंकज कुमार कान्फ्रैंस के संयोजक सचिव का कार्यभार संभालेंगे। कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य मैथेमेटिक्स एंड इट्स एप्लीकेशंस इन साईस एंड टैक्नॉलोजी विषय में छुपी संभावनाओं को तलाशना व उन पर गहनता से विचार करना है।

पाठकपक्ष - 5/11/16

प्रतियोगिता: गुजवि में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टेनिस चैम्पियनशिप का आगाज

# पीयू चंडीगढ़ और मुंबई विवि का विजयी आगाज

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टेनिस (पुरुष) चैम्पियनशिप की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय के खेल विभाग व एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के सहयोग से हो रही इस चैम्पियनशिप का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय के टेनिस कोर्ट में हुआ। जानी-मानी ओलंपियन व भीम अवार्डी जूडो खिलाड़ी आरती कोहली उद्घाटन समारोह की मुख्यातिथि थी। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। भाजपा के खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश नैन व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ और मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम ने मैच जीते।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रा।



गुजवि में खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते वीसी टंकेश्वर कुमार व अन्य।

गुजवि में शुरू हुई प्रतियोगिता के मुकाबलों में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ का मुकाबला केरला से हुआ। चंडीगढ़ ने केरला को 3-0 से हराया। मुंबई ने बीएचयू वाराणसी को 3-0 से हराया।

कोहली ने कहा कि हार जीत की चिंता किए बिना खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने चैम्पियनशिप के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की तथा चैम्पियनशिप की ट्रॉफी का अनावरण भी किया। खेल निदेशक डा. एसबी लुथरा ने बताया कि 9 नवम्बर तक चलने वाली इस चैम्पियनशिप में देशभर से 16 टीमें भाग ले रही हैं।

दैनिक जागरण - 5/11/16

# जीजेयू स्टूडेंट्स अब सीधे वीसी तक पहुंचा सकेंगे अपनी बात

## बनाया ई-मेल अकाउंट, रोजाना लिया जाएगा संज्ञान

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स अब वीसी तक सीधे तौर पर अपनी बात पहुंचा सकेंगे। इसके लिए जीजेयू ने एक ई-मेल अकाउंट बनाया है। जिस पर एकेडमिक प्रयोजन से अगर किसी भी तरह की समस्या विद्यार्थियों के सामने आ रही है तो वो इस संबंध में मेल कर सकता है। रोजाना विद्यार्थियों द्वारा भेजे जाने वाले ई-मेल को चैक किया जाएगा। उन्हें पढ़ने के बाद विषय संबंधी एक्शन लिया जाएगा और फीडबैक भी दिया जाएगा।

जीजेयू टेक्निकल स्टाफ ने students_acad@gjust.org नाम से जो अकाउंट बनाया है, उसके बारे में जानकारी दी जा सके। इसके लिए सभी विभागों के नोटिस बोर्ड पर भी यह सूचना चस्पा दी गई है। विद्यार्थी ई-मेल अकाउंट पर समस्या के बारे में लिख सकते हैं, बल्कि किसी भी कार्य को लेकर सुझाव भी दे सकते हैं। इतना ही नहीं वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार विवि में दाखिला लेने वाले नवआगंतुको से बुधवार को रूबरू भी होंगे।

- दिक्कत आने पर विद्यार्थी अपनी बात वीसी तक पहुंचा सकेंगे। आमतौर पर वीसी से मिलना संभव नहीं हो पाता है। दूसरा कक्षाएं कम लगना, समय पर न लगना, रिजल्ट समय पर न आने पर या किसी भी दाखिला लेने से परीक्षा देने तक की प्रक्रिया में दिक्कत आती है तो इसकी जानकारी वीसी को दी जा सकती है। इससे वीसी के पास विवि से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी रह सकेगी। किस क्षेत्र में कैसा काम हो रहा है कितना हो चुका है, इस बारे में जानकारी मिलने पर आगे की रुप रेखा भी तैयार की जा सकती है। वहीं ई-मेल के अलावा वीसी बुधवार को प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों से रूबरू होकर मिलेंगे, ताकि अब तक विद्यार्थियों को जो भी अनुभव विवि में रहा है उसके बारे में जाना जा सके।

### बढ़ेगा आत्मविश्वास

किसी भी विश्वविद्यालय में सही व्यवस्था बनाने के लिए जरुरी है, विद्यार्थी और टॉप ऑर्डर के बीच संपर्क बना रहे। अगर विद्यार्थी खुद की बात खुलकर रख पाएंगे तो उनमें आत्मविश्वास जगेगा और हमें सही जानकारी मिल सकेगी। समस्या और सुझाव के आधार पर आगे की नीति भी तैयार की जा सकेगी। मगर ई-मेल पर विद्यार्थी केवल विभाग और एकेडमिक विभाग की जानकारी भेजे। हॉस्टल या व्यक्तिगत समस्या से जुड़ी शिकायत का फीडबैक नहीं लिया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना होगा।

**प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, जीजेयू।**

# बरकतुल्लाह विवि पर भारी पड़े एसआरएम के खिलाड़ी

**अमर उजाला ब्यूरो**
हिसार।

जीजेयू में चल रही ऑल इंडिया टेनिस (पुरुष) चैंपियनशिप में शनिवार सुबह हुए मुकाबलों में एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई ने भोपाल की बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी को 3-0 हराकर सेमिफाइनल में प्रवेश कर लिया है। चेन्नई यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों पर शुरू से ही बढ़त बनाए रखी।

जो अंत तक जारी रही। सिंगल्स और डबल्स के प्रत्येक मैच में चेन्नई के खिलाड़ियों ने 6-0 से शिकस्त दी। दोनों टीमों के बीच हुए सिंगल मैचों में एसआरएम यूनिवर्सिटी के 11वीं रैंक के खिलाड़ी मोहित मयूर ने बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी के विवेक को 6-0, 6-0 से हरा दिया।

वहीं दूसरे सिंगल मैच में भी एसआरएम चेन्नई के एम फहाद, बरकतुल्ला यूनिवर्सिटी के केतन पर भारी पड़े। उन्होंने केतन को 6-0, 6-0 से हराया। दोनों टीमों के डबल्स के मुकाबले में एसआरएम चेन्नई के एलविन और अनिरुद्ध ने भोपाल के अमित व केतन को 6-0, 6-0 से हराकर विजयी आगाज किया। रविवार को एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक और एसवी यूनिवर्सिटी तिरुपति के बीच पहला मुकाबला सुबह 8 बजे खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला काइट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली के बीच खेला जाएगा। शाम को मद्रास यूनिवर्सिटी चेन्नई और इंदौर की देवी अहिल्याबाई यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी भिड़ेंगे। यह चैंपियनशिप 9 नवंबर तक चलेगी।



हिसार। जीजेयू में आयोजित टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**डीयू ने कोलकाता को 3-1 से मात दी** : दिल्ली यूनिवर्सिटी ने कोलकाता यूनिवर्सिटी को 3-1 से हराया। दिल्ली और कोलकाता विश्वविद्यालयों के बीच हुए सिंगल मुकाबलों में दिल्ली यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी पार्थ ने कोलकता यूनिवर्सिटी के विशरूथ को 6-2, 6-0 से हराकर सेमिफाइनल में जगह बना ली है। सिंगल्स के दूसरे मुकाबले में दिल्ली के पल्लव ने कोलकाता के रिषभ को 6-1, 6-2 से मात दी। वहीं डब्लस में दिल्ली यूनिवर्सिटी के रोशन और पल्लव की जोड़ी ने कोलकता यूनिवर्सिटी के हर्ष और रिषभ की जोड़ी को 6-4, 6-2 से हराया। वहीं तीसरा मैच गुजरात और मणिपुर यूनिवर्सिटी के बीच होना था। लेकिन देर शाम तक गुजरात यूनिवर्सिटी की टीम नहीं पहुंच पाई थी।

## जीजेयू में 15-16 को होगा यूथ फेस्टिवल

हिसार। जीजेयू में 15 और 16 नवंबर को यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें विवि के विद्यार्थियों के अलावा जीजेयू से एफिलेटिड 15 अन्य कॉलेजों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। इस यूथ फेस्टिवल में विभिन्न विधाओं के करीब 38 अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विवि में फेस्टिवल को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं विद्यार्थी भी रिहर्सल में लगे हुए हैं। इस यूथ फेस्टिवल में जीजेयू से संबंधित सभी टेक्निकल कॉलेजों के सैकड़ों विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। सभी कार्यक्रम विवि के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम के तीन सभागारों में करवाए जाएंगे। यह पहली बार होगा जब गुरु जंभेश्वर विवि में एक साथ 15 कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेंगे और 38 कार्यक्रम होंगे।

अमर उजाला - 6/11/16

## कैंपस प्लेसमैंट कार्यक्रम

हिसार, (सौरभ) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में बुधवार को कैम्पस प्लेसमैंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के हरियाणा के अधिकृत वितरक बालाजी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभाग के विद्यार्थियों का कैम्पस साक्षात्कार लिया। विभाग की अधिष्ठाता एवं निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सेल्स एंड कस्टमर रिलेशनशिप वर्क प्रोफाइल के लिए आए थे। प्रो. ऊषा अरोड़ा ने बताया कि बृहस्पतिवार को विभाग में कोटेक महेन्द्रा ओल्ड म्यूचूअल लाईफ इंश्योरेंस लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी विभाग के विद्यार्थियों की कैम्पस प्लेसमैंट के लिए आएंगे।



कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

दैनिक सवेरा टाईम्स - 10/11/16

## गुजवि में कैम्पस प्लेसमैंट कार्यक्रम का आयोजन

हिसार। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल आफ बिजनेस में बुधवार को कैम्पस प्लेसमैंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के हरियाणा के अधिकृत वितरक श्री बालाजी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभाग के विद्यार्थियों का कैम्पस साक्षात्कार लिया। विभाग की अधिष्ठाता एवं निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा ने बताया कि इस प्लेसमैंट ड्राइव में 19 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभाग के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि साक्षात्कार में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में शफाक, पूनम, हितेश्वरी, कशिका, सीमा, निर्मला, कनिका, आशीष आनंद, अनिल, सतेन्द्र सिंह, शिवांगी, अमित मित्तल, दीपशिखा, चेतन, संदीप, सविता, लोकेश, संजय व नितिन शामिल हैं।

पांच बजे - 9/11/16

# विज्ञान एवं तकनीक का आधार है गणित : प्रो. टंकेश्वर

## गुजवि में 2 दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आगाज



*स्मरणिका का विमोचन करते प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं अन्य।*

हिसार, 9 नवम्बर (का.प्र.): गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि विज्ञान एवं तकनीक हर प्रकार के विकास का आधार है जबकि गणित विज्ञान एवं तकनीक का मुख्य आधार है। बिना गणित के विज्ञान तरक्की नहीं कर सकता।

प्रो. टंकेश्वर कुमार विवि गणित विभाग के सौजन्य से शुरू हुई 2 दिवसीय राष्ट्रीय कान्फ्रेंस को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरू हुई इस कान्फ्रेंस का विषय 'मैथमैटिक्स एंड इट्स एप्लीकेशंस इन साइंस एंड टैक्नोलॉजी' है। कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। पंजाब विवि, चंडीगढ़ के प्रो. एस.के. तोमर मुख्य वक्ता थे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विज्ञान गणित के बिना तरक्की नहीं कर सकती।

डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि गणित एक ऐसा टूल है जो विज्ञान की हर शाखा में प्रयोग होता है। उन्होंने कहा कि यह कान्फ्रेंस नवगणितज्ञों के लिए अत्यंत लाभदायक होगी। कान्फ्रेंस के को-पैटर्न प्रो. कुलदीप बंसल ने जानकारी दी कि कान्फ्रेंस के दौरान 7 तकनीकी सत्र होंगे। कान्फ्रेंस में देशभर से 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुरुक्षेत्र विवि, कुरुक्षेत्र के प्रो. रजनीश कुमार, चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के प्रो. बी.के. हुड्डा, दिल्ली विवि, दिल्ली के कुलसचिव प्रो. तरुन दास, चौधरी देवीलाल विवि, सिरसा के कुलसचिव प्रो. असीम मिगलानी, इंदिरा गांधी विवि, मीरपुर की प्रो. मंजू परुथी, आई.आई.टी. रूड़की के प्रो. एच.आर. वाशन तथा पंजाबी विवि, पटियाला के प्रो. एस.बी. सिंह कान्फ्रेंस के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों को सम्बोधित करेंगे। कान्फ्रेंस की समन्वयक प्रो. सुनीता पानू ने स्वागत सम्बोधन प्रस्तुत किया तथा कान्फ्रेंस के संयोजक सचिव डा. कपिल कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रो. एम.के. शर्मा कान्फ्रेंस के सह समन्वयक तथा डा. पंकज कुमार संयोजक सचिव हैं।

पंजाब केसरी हिसार - 10/11/16

# अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में युवाओं को शक्ति का बोध कराया

## जीजेयू में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में देश के 20 राज्यों तथा दुनिया के 10 देशों के 350 से ज्यादा प्रतिनिधि पहुंचे

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू में अप्लाइड साइकॉलोजी विभाग की ओर से कम्यूनिटी साइकोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीपीएआई) के सहयोग से शुक्रवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। इसमें कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। 'यूथ एंड वैल बींग' विषय पर हुई इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता पंजाब विवि के प्रो. जितेन्द्र मोहन रहे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप राणा ने की। कॉन्फ्रेंस में 20 राज्यों तथा दस देशों के 350 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। इस ताकत का प्रयोग करके भारत आशातीत प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि 'वैल बींग' से अभिप्राय केवल शारीरिक स्वास्थ्य से नहीं है बल्कि व्यवहार व व्यक्तित्व से भी है। किसी भी शिक्षण संस्थान का उद्देश्य वहां के विद्यार्थियों को समाज के लिए लाभदायक बनाना होता है। प्रो. जितेन्द्र ने कहा कि युवाओं में वह शक्ति है जिससे वह किसी भी उद्देश्य को पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में युवा तनाव ग्रस्त रहने लगा है। भारत में प्रतिवर्ष परीक्षा तथा अन्य कारणों से 12000 युवा आत्महत्या कर लेते हैं। मनोवैज्ञानिकों को इस दिशा में भी कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हर एक कार्य व्यापारिक दृष्टिकोण से नहीं किया जाना चाहिए। मानवता को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। प्रो. पीसी मिश्रा ने कहा कि भारत की 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष या उससे कम आयु की है। भारत को युवा शक्ति का फायदा उठाना चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. राणा ने कहा कि सकारात्मकता से ही जीवन की नकारात्मकता को दूर किया जा सकता है।



मनोविज्ञान विभाग की ओर से जीजेयू में आयोजित कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती वक्ता।

दैनिक भास्कर - 12/11/16

# जीजेयू में बनाया जाएगा 8वां शिक्षण खण्ड



हिसार, 11 नवम्बर (निस) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में आठवें शिक्षण खंड का निर्माण किया जाएगा। गुरूवार को आठवें शिक्षण खंड के फेज-1 के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्य यजमान की भूमिका अदा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के अधीक्षक अभियंता अशोक अहलावत ने बताया कि शिक्षण खंड-7 के नजदीक बनने वाले इस शिक्षण खंड के निर्माण पर 705 लाख रूपये की लागत आएगी। यह शिक्षण खंड सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। यह चार मंजिला शिक्षण खंड 4320 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेगा। शिक्षण खंड में जल संरक्षण के उद्देश्य से रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। शिक्षण खंड में विभागाध्यक्ष कार्यालय के अतिरिक्त 100 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक सेमीनार हाल, एक बैठक कक्ष, पांच लैक्चर हाल, 16 फैकल्टी रूम, दो स्टोर, तीन ट्यूटोरियल रूम तथा विभिन्न प्रकार की 20 प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। प्रत्येक तल पर शौचालय ब्लॉक बनाया जाएगा। इस शिक्षण खंड में लिफ्ट का भी प्रावधान है। यह शिक्षण खंड 15 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा।

पाठक पक्ष - 11/11/16

## जीजेयू में कार्यशालाओं का शुभारंभ



हिसार। जीजेयू में सम्मानित करते हुए।।

हिसार। जीजेयू के मानव संसाधन विकास केन्द्र में शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों की दो अलग-अलग कार्यशालाओं का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर के.एल. जोहर मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुण्डीर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मानव संसाधन विकास केन्द्र की निदेशिका प्रो. बन्दना पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में प्रोफेसर के.एल. जोहर को विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक व प्रशासक बताते हुए सभी प्रतिभागियों से उनके द्वारा स्थापित उच्च मानवीय मूल्यों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इन दोनों कार्यशालाओं में विभिन्न संस्थानों के 65 से अधिक शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कोर्स कोर्डिनेटर अनुराग सांगवान ने किया व धन्यवाद प्रस्ताव सुरेन्द्र सिंह ने प्रस्तुत किया। सप्ताह भर चलने वाली शिक्षकों की कार्यशाला उच्चकोटि के शोध प्रकाशन प्रक्रिया पर व गैरशिक्षक कर्मचारियों की कार्यशाला प्रशासनिक उत्कृष्ट कार्यप्रणाली पर आयोजित की जा रही है।

अमर उजाला - 15/11/16

# जीजेयू की शैक्षणिक संपत्ति हैं 22 राज्यों से चयनित शिक्षक : पुंडीर

### जीजेयू में शिक्षकों व गैरशिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

भास्कर न्यूज़ | हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र में शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए कार्यशालाओं का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर केएल जौहर मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षकों व कर्मचारियों के शैक्षणिक, तकनीकी व मानवीय मूल्यों के विकास में अहम् भूमिका निभा रहा है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रो. कर्मपाल नरवाल ने विश्वविद्यालय में 1995-96 से कार्यरत पूरे भारत वर्ष के 22 राज्यों से चयनित शिक्षकगण इस विश्वविद्यालय के लिए सबसे बड़ी शैक्षणिक संपत्ति हैं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक व शोध कार्यों से आज 20 वर्षों में इस विश्वविद्यालय को इस मुकाम तक पहुंचाने का कार्य किया है। यह सब मूल्य व संस्कार शुरू से ही यहां के शिक्षकों को लाने का श्रेय प्रो. केएल जौहर को जाता है।

मानव संसाधन विकास केंद्र की निदेशिका प्रो. बंदना पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में प्रोफेसर केएल जौहर को विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक व प्रशासक बताते हुए सभी प्रतिभागियों से उनके द्वारा स्थापित उच्च मानवीय मूल्यों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

दैनिक भास्कर - 15/11/16

# जीजेयू यूथ फेस्टिवल शुरू, केवल 7 टीम पहुंचीं

## कुछ विधाओं में मात्र दो-तीन रजिस्ट्रेशन, आज होंगे वन एक्ट प्ले और हरियाणवी नाटक

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार।

जीजेयू में मंगलवार को छठे यूथ फेस्टिवल का आगाज हुआ। इसमें जीजेयू के मान्यता प्राप्त करीब 15 कॉलेजों में से केवल 7 कॉलेजों की टीमें के करीब 200 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए दो दिवसीय युवा महोत्सव का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। अध्यक्षता कुल सचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने की। उद्घाटन समारोह में हरियाणवी लोक कलाकार गजेंद्र फोगाट ने प्रस्तुति दी।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि युवाओं ने विज्ञान, कला, संस्कृति, तकनीक और चिकित्सा आदि हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है। विद्यार्थियों को अपने जुनून को पेशे में परिवर्तित करना चाहिए और समाज के हित के लिए एक अच्छा इंसान बनना चाहिए। डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों को महिलाओं का सम्मान करने व स्वच्छ भारत आंदोलन में अपना योगदान देने की अपील की। डीएसडब्ल्यू प्रो. हरभजन बंसल ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। धन्यवाद प्रस्ताव युवा कल्याण निदेशक अजीत सिंह ने प्रस्तुत किया।



हिसार। जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देती छात्राएं।

### 36 विधाओं में दिखाएंगे प्रतिभा

युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय में अलग-अलग चार स्थानों पर होने वाली लगभग 36 विधाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन की विधाओं में लोक गीत, हरियाणवी सोलो, ग्रुप सांग, ग्रुप डांस जनरल, आर्केस्ट्रा भारतीय, उर्दू, पंजाबी, हरियाणवी, अंग्रेजी और हिंदी काव्य, शास्त्रीय गायन सोलो, सिंपोजियम, पश्चिमी वाद्य सोलो, हरियाणवी गजल, ऑन स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, कार्टूनिंग आदि कार्यक्रम हुए। वहीं बुधवार को आर्केस्ट्रा हरियाणवी, हरियाणवी स्किट, मिमिक्री, माइम, वन एक्ट प्ले, संस्कृत ड्रामा और ग्रुप डांस हरियाणवी आदि कार्यक्रम होंगे।



हिसार। जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ करते अतिथि।



हिसार। जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल में मौजूद छात्राएं।

# गुजवि में युवा महोत्सव का आगाज

हिसार, 15 नवम्बर (काम्बोज) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को विश्वविद्यालय के छठे युवा महोत्सव का आगाज हुआ। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए दो दिवसीय युवा महोत्सव का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि युवाओं ने देश के हर क्षेत्र में अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि छात्रों को आत्म विश्लेषण करके भविष्य के लिए रोड मैप तैयार करने की जरूरत



महोत्सव का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

है। विश्वविद्यालय में अलग-अलग चार स्थानों पर होने वाली लगभग 45 विधाओं में प्रतिभागी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में हरियाणवी लोक कलाकार गजेन्द्र फोगाट ने प्रस्तुति दी।

दैनिक सवेरा टाइम्स - 16/11/16

# शिक्षक एवं गैर शिक्षकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित



हिसार, 15 नवम्बर (निस) : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के मानव संसाधन विकास केन्द्र में शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों की दो अलग-अलग कार्यशालाओं का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर के.एल. जोहर मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुण्डीर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मानव संसाधन विकास केन्द्र की निदेशिका प्रो. बन्दना पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में प्रोफेसर के. एल. जोहर को विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक व प्रशासक बताते हुए सभी प्रतिभागियों से उनके द्वारा स्थापित उच्च मानवीय मूल्यों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस मौके पर हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रो. कर्मपाल नरवाल ने में कहा कि गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अग्रणीय विश्वविद्यालय के रूप में इस क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। शुभ आरम्भ सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रो. के.एल जोहर ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय में वो सभी आवश्यक गुण व विषेषताएं विद्यमान है जो इसको आने वाले दिनों में भारत का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने का काम करेंगी। इन दोनों कार्यशालाओं में विभिन्न संस्थानों के 65 से अधिक शिक्षक व गैरशिक्षक कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कोर्स कोर्डिनेटर अनुराग सांगवान ने किया व धन्यवाद प्रस्ताव सुरेन्द्र सिंह ने प्रस्तुत किया। सप्ताह भर चलने वाली शिक्षकों की कार्यशाला उच्चकोटि के शोध प्रकाशन प्रक्रिया पर व गैरशिक्षक कर्मचारियों की कार्यशाला प्रशासनिक उत्कृष्ट कार्यप्रणाली पर आयोजित की जा रही है।

पाक्षिक पक्ष - 16/11/16

# ीजेयू विश्वविद्यालय ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



हिसार। गुजविप्रौवि में छठे युवा महोत्सव के समापन समारोह में टीम के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं अन्य।



जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल में प्रस्तुति देतीं छात्राएं।



जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल में माइम की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।



जीजेयू में आयोजित यूथ फेस्टिवल में देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति देते प्रतिभागी।



उजाला ब्यूरो

।

ू में चल रहा छठा युवा महोत्सव का न हुआ। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय क के कुलपति प्रो. बी.के. पूनिया समापन ोह के मुख्यातिथि थे। अध्यक्षता विद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, ी के कुलसचिव डा. भगवान सिंह तथा प्रौवि के कुलसचिव डा. अनिल कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रआल ट्रॉफी गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं गिकी विश्वविद्यालय ने जीती। जेसीडी ी सिरसा उपविजेता रही।

. बी.के. पूनिया ने अपने सम्बोधन में कि जीवन में श्रद्धा, नम्रता और योग्यता का होना अत्यंत आवश्यक है। गुरू श्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय से संबद्ध सात महाविद्यालयों से से अधिक प्रतिभागियों ने युवा महोत्सव ग लिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. न बंसल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। ाद प्रस्ताव डा. हिमानी शर्मा ने प्रस्तुत । इस अवसर पर युवा कल्याण निदेशक त सिंह उपस्थित थे।

### जेसीडीसीईटी सिरसा ने जीता उपविजेता का खिताब, यूथ फेस्टिवल का समापन

जेसीडीआईबीएम सिरसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस हरियाणवीं पुरूष वर्ग में गुजविप्रौवि हिसार ने प्रथम तथा जेसीडीसीईटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस हरियाणवीं महिला वर्ग में गुजविप्रौवि हिसार ने प्रथम तथा जेसीडीआईबीएम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी ग्रुप सांग में गुजविप्रौवि हिसार ने प्रथम तथा जेसीडीआईबीएम सिरसा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस जनरल में गुजविप्रौवि हिसार ने प्रथम तथा जेसीडीसीईटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फॉक सांग जनरल में जेसीडीआईबीएम सिरसा ने पहला तथा गुजविप्रौवि हिसार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उर्दू कविता में गुजविप्रौवि हिसार ने प्रथम तथा ओम इंस्टीच्यूट जुगलान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पंजाबी कविता

# सेमीनार में आर्थिक नीतियों से जुड़े विषयों पर चर्चा की



*स्वागत सम्बोधन करते प्रो. एन.के. बिश्नोई एवं उपस्थित अतिथिगण।*

हिसार, 21 नवम्बर (का.प्र.): गुजवि चौधरी रणबीर सिंह सभागार में 5वें राज्य वित्त आयोग, हरियाणा के सेमीनार का आयोजन किया गया। 'इम्प्रूविंग एफिशिएंशी एंड इफेक्टिवनेस ऑफ फिसकल मैनेजमैंट एट सब नेशनल एंड लोकर गवर्नमैंट लेवल' विषय पर हुए सेमीनार का आयोजन गुजवि बिजनैस डिवैल्पमैंट ग्रुप के सौजन्य से किया गया। पांचवें वित्त आयोग की सदस्या सचिव अमनीत पी. कुमार ने बताया कि सैमीनार में प्रदेश सरकार की आर्थिक नीतियों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। प्रदेश के बजट प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए व रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं में संसाधनों के बंटवारे को लेकर भी सैमीनार के सदस्यों ने विचार विमर्श किया। सैमीनार में हुई चर्चाओं की विस्तृत रिपोर्ट भारत सरकार को जल्द ही सौंपी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक बिजनैस डिवैल्पमैंट ग्रुप अध्यक्ष प्रो. एन.के. बिश्नोई ने कहा कि यह सैमीनार प्रदेश के आर्थिक विकास में अत्यंत उपयोगी साबित होगी। सैमीनार में पांचवें राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष प्रो. मुकुल जी अशेर के अतिरिक्त आयोग सदस्य विवि के पूर्व कुलपति विष्णु भगवान, यू.एन.ओ. के इंटरनैशनल लॉ कमीशन नवनिर्वाचित सदस्य डा. अनिरूध राजपूत, रोहिणी अग्रवाल, नैशनल इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस एंड पॉलिसी, नई दिल्ली प्रो. ओ.पी. माथुर, प्राइस वाटर हाऊस कॉपर्स गुड़गांव के प्रो. तपस सेन, नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस एंड पोलीसी, नई दिल्ली के प्रो. पीनांकी चक्राबर्टी, सदस्य सचिव अमनीत कुमार, शामलाल बंसल, राजेन्द्र मोहन वालिया, अनुराग बक्शी, आई.आई.एम. अहमदाबाद के इकोनोमिक्स के पूर्व प्रोफैसर प्रो. आनंद गुप्ता, आई.आई.पी.ए., पूर्व प्रोफैसर पी.के. चौबे, एन.आई.पी.एफ.पी. पूर्व प्रोफैसर प्रो. गौतम नरेश, प्रो. रवीश महेश्वरी, प्रो. आर.एस. घुमान व डा. कुलवंत नेहरा तथा जाने-माने चार्टर्ड अकाऊंटैंट एवं फिसकल स्टडीज ग्रुप के समन्वयक तिलक चांदना उपस्थित थे।

## गुजवि कुलपति को सम्मानित किया



*कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ।*

हिसार, 21 नवम्बर (का.प्र.): गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को फैडरेशन ऑफ कोरूगेटिड बोक्स मैन्युफैक्चर्ज ऑफ इंडिया तथा कोरू शो इंडिया-2016 की 45वीं कान्फ्रैंस में सम्मानित किया गया है। हिमाचल प्रदेश कोरूगेटिड बोक्स मैन्युफैक्चर्ज ऐसोसिएशन के सौजन्य से इस कान्फ्रैंस का आयोजन जिरकपुर चंडीगढ़ में किया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा दिया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान गुजवि प्रिंटिंग तकनीक विभाग में पैकेजिंग तकनीक को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। प्रिंटिंग तकनीक विभाग में पैकेजिंग तकनीक पर बी.टैक. कोर्स चलाया जा रहा है। प्रिंटिंग तकनीक विभाग अध्यक्ष डा. अम्बरीश पांडेय को भी सम्मानित किया गया। डा. पांडेय को यह पुरस्कार फैडरेशन के चेयरमैन राजीव गुलाटी द्वारा दिया गया।

## शोध कार्य समाज हित में हो: डा.पुंडीर

हिसार, 21 नवम्बर (का.प्र.): गुजवि मानव संसाधन विकास केन्द्र में हुई साप्ताहिक कार्यशाला सम्पन्न हो गई। 'गुणवत्ता आधारित शोध पत्र लेखन व प्रकाशन' विषय पर हुई कार्यशाला के समापन समारोह के मुख्यातिथि विवि कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर थे। डा. अनिल कुमार पुंडीर ने शोधार्थियों से आह्वान किया कि आविष्कार व शोध ऐसे होने चाहिए जो समाज हित में हों। प्रो. बंदना पांडेय ने शिक्षकों को गुणवत्ता आधारित शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में देश के विभिन्न भागों से 30 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला की कोर्स को-आर्डिनेटर डा. वंदना पूनिया व अनुराग सांगवान थे। मंच संचालन अनुराग सांगवान ने किया।

पजांब केसरी हिसार- 22/11/16

## जीजेयू के कुलपति जीरकपुर में सम्मानित

हिसार | जीजेयू के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को फेडरेशन ऑफ कोरूगेटिड बोक्स मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इंडिया तथा कोरू शो इंडिया-2016 की 45वीं कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया है। हिमाचल प्रदेश कोरूगेटिड बोक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन जीरकपुर में किया गया था। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा दिया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान जीजेयू के प्रिंटिंग तकनीक विभाग में पैकेजिंग तकनीक को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। प्रिंटिंग तकनीक विभाग में पैकेजिंग तकनीक पर बीटेक कोर्स चलाया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में यूनिवर्सिटी के प्रिंटिंग तकनीक विभाग के अध्यक्ष डॉ. अम्बरीश पांडेय को भी सम्मानित किया गया है।

### जीजेयू में सेमिनार



हिसार | गुजवि के सूचना एवं जन संचार विभाग के कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

# प्रो. धुलिया ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता की बारीकियों के बारे में जानकारी दी

## जीजेयू के जनसंचार एवं तकनीकी विभाग में पत्रकारिता विषय पर सेमिनार

भास्कर न्यूज़ | हिसार



गुजवि के सूचना एवं जन संचार विभाग के विद्यार्थियों को संबोधित करते एंकर रोहित सरदाना।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं तकनीकी विभाग में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रो. सुभाष धुलिया एवं पत्रकार रोहित सरदाना विद्यार्थियों के साथ मुखातिब हुए। जिसमें प्रो. सुभाष धुलिया ने अपने वक्तव्य में पत्रकारिता की बारीकियों को बताते हुए कहा कि तकनीक विकास के बावजूद पत्रकारिता में भाषा की महत्ता को कम नहीं आंका जा सकता।

इसके साथ ही बदलते परिवेश में पत्रकारिता में कैरिअर बनाने के लिए विस्तृत ज्ञान, भाषा पर पकड़ एवं नए तकनीकी ज्ञान को आवश्यक बताया। विभाग के पूर्व छात्र रोहित सरदाना ने भी विद्यार्थियों का साहस बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण बहुत जरूरी है एवं लक्ष्य की प्राप्ति हर समय हर पहलू की जानकारी रखकर की जा सकती है। विभाग के वरिष्ठ अध्यापक मिहिर रंजन पात्र ने भी अनुभव सांझा किया। विभागाध्यक्ष प्रो. विक्रम कौशिक ने विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद करते हुए सभा का समापन किया। सभा में विभाग की डीन प्रो. बंदना पाण्डेय, प्रो. मनोज दयाल, प्रो. सुशील कुमार तथा जनसंचार के विद्यार्थी मौजूद थे।

दैनिक भास्कर - 22/11/16

# हिमाचल के राज्यपाल ने किया गुजवि कुलपति को सम्मानित

राजेश्वर बैनीवाल

**हिसार।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को फेडरेशन ऑफ कोरूगेटिड बोक्स मैन्युफैक्चर्ज ऑफ इंडिया तथा कोरू शो इंडिया-2016 की 45वीं कान्फ्रेंस में सम्मानित किया गया है। हिमाचल प्रदेश कोरूगेटिड बोक्स मैन्युफैक्चर्ज ऐसोसिएशन के सौजन्य से इस कान्फ्रेंस का आयोजन जिरकपुर चंडीगढ़ में किया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल माननीय आचार्य देवव्रत द्वारा दिया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के प्रिंटिंग तकनीक विभाग में पैकेजिंग तकनीक को बढ़ावा देने के लिए दिया गया। प्रिंटिंग तकनीक विभाग में पैकेजिंग तकनीक पर बीटैक कोर्स चलाया जा रहा है। इस कान्फ्रेंस में विवि के प्रिंटिंग तकनीक विभाग के अध्यक्ष डा. अम्बरीष पांडेय को भी सम्मानित किया गया। डा. पांडेय को यह पुरस्कार फैडरेशन के चेयरमैन राजीव गुलाटी द्वारा दिया गया।





शक्ति शस्त्र हिसार - 22/11/16

# अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी आवश्यक

## जीजेयू ने शुरू किया सफाई अभियान, कुलपति बोले - आम लोगों को जोड़ा जाएगा



हिसार। गुजविप्रौवि हिसार व जिला प्रशासन हिसार के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

# गणित सभी विज्ञानों की रानी : प्रो. आरके



विस्तार व्याख्यान में उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं अन्य।

**अमर उजाला ब्यूरो**

हिसार।

जीजेयू में डीन एल्मुनाई रिलेशंस के सौजन्य से लिटिल मैथ : बिग मनी विषय पर विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार की उपस्थिति में हुए इस विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता आईआईटी दिल्ली के प्रो. आरके शर्मा थे। अध्यक्षता डीन एल्मुनाई रिलेशंस प्रो. एमएस तुरान ने की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि गणित अद्भुत विषय है। प्रो. आरके शर्मा ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों की रानी है। कोई ऐसी समस्या नहीं जिसका समाधान न हो। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान विद्यार्थियों से गणित से जुड़ी कई पहेलियां सिद्ध करने के टास्क दिए।



हिसार। चंडीगढ़ के सौजन्य से शुरू हुए ओरिएंटेशन प्रोग्राम में उपस्थित प्रतिभागी।

# जीजेयू में एनएसएस का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

- कार्यक्रम में 55 अधिकारी शिरकत कर रहे

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुजवि में मंगलवार से प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू हुआ। राजीव गांधी युवा विकास संस्थान चंडीगढ़ व गुजवि की राष्ट्रीय सेवा योजना युनिट के सौजन्य से हो रहे इस कार्यक्रम में 55 कार्यक्रम अधिकारी भाग ले रहे हैं।

विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरू हुआ यह कार्यक्रम 28 नवंबर तक चलेगा। प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि पहले दिन कार्यक्रम को खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से हेमंत शर्मा व राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान चंडीगढ़ की ओर से अमनप्रीत ने संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। स्टेट लाइजन ऑफिसर डा. कपेंद्र ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद प्रस्ताव डा. सुमन दहिया ने प्रस्तुत किया। विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना युनिट के कार्यक्रम अधिकारी डा. कश्मीरी लाल व डा. अनिल भानखड़ उपस्थित थे।

हरिभूमि - 23/11/16



ओरिएंटेशन प्रोग्राम में उपस्थित प्रतिभागी।

# गुजवि में एन.एस.एस. अधिकारियों का कार्यक्रम शुरू

## राष्ट्रीय सेवा योजना की दी जानकारी

हिसार, 22 नवम्बर (का.प्र.): गुजवि में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू हुआ। राजीव गांधी युवा विकास संस्थान चंडीगढ़ व गुजवि हिसार की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के सौजन्य से हो रहे इस कार्यक्रम में 55 अधिकारी भाग ले रहे हैं।

विवि चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरू हुआ यह कार्यक्रम 28 नवम्बर तक चलेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि पहले दिन कार्यक्रम को खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से हेमंत शर्मा व राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान चंडीगढ़ की ओर से अमनप्रीत ने सम्बोधित किया। मुख्य वक्ताओं ने कार्यक्रम अधिकारियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी दी तथा कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है।

राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर स्टेट लाइजन ऑफिसर डा. कपेन्द्र ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद प्रस्ताव डा. सुमन दहिया ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट कार्यक्रम अधिकारी डा. कश्मीरी लाल व डा. अनिल भानखड़ उपस्थित थे।

पंजाब केसरी हिसार- 23/1

# डा. अनिरूद्ध राजपूत को किया सम्मानित



हिसार, 23 नवम्बर (निस) : गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में यूएनओ के इंटरनेशनल लॉ कमीशन के नवनिर्वाचित सदस्य डा. अनिरूद्ध राजपूत को विश्वविद्यालय तथा हिसार सिटीजन फोरम की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह डा. अनिरूद्ध राजपूत के सम्मान में हुआ। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रतिनिधि के रूप में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राजेश मल्होत्रा मुख्यातिथि थे कार्यक्रम के संयोजक बिजनेस डिवैल्पमैंट ग्रुप के हैड प्रो. एन.के. बिश्नोई थे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि डा. अनिरूद्ध राजपूत देश का गौरव हैं। राष्ट्र निर्माण में उनका अहम योगदान है। डा. अनिरूद्ध राजपूत को यूएनओ के इंटरनेशनल लॉ कमीशन का सदस्य भी नियुक्त किया गया है। डा. अनिरूद्ध राजपूत सुप्रीम कोर्ट के प्रतिष्ठित वकील हैं। उनकी संस्था ग्लोबल विलेज फाउंडेशन के साथ गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गत गई वर्षों से काम कर रहा है। ग्लोबल विलेज फाउंडेशन शोध तथा योजना निर्माण के क्षेत्र में राज्य तथा केन्द्र सरकारों के साथ-साथ विभिन्न संस्थाओं के साथ सहयोग करता है तथा आवश्यक सलाह उपलब्ध करवाता है। डा. अनिरूद्ध राजपूत को डीन एकेडमिक अफयर्स प्रो. राजेश मल्होत्रा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, प्रो. कुलदीप बंसल व प्रो. कर्मपाल नरवाल उपस्थित थे।

पाठकपक्ष - 23/11/16

# गुजवि के वीसी को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

जागरण संवाददाता, हिसार : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रो. टंकेश्वर कुमार को यह सम्मान इंडियन सोसायटी फॉर एनालिटिकल साइंटिस्टस (आइएसएएस) दिल्ली चैप्टर द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। साथ ही उन्हें आइएसएएस की मानद आजीवन सदस्यता भी प्रदान की गई है। उन्हें यह सम्मान आइएसएएस के सौजन्य से सोनीपत में 'एडवांसेज इन मल्टीडिसिप्लिनरी आस्पेक्ट्स ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग' विषय पर आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी मे दिया गया। प्रो. टंकेश्वर कुमार एक महाद शिक्षाविद है। इनका नैनो, सूचना प्रौद्योगिकी, ई-गवर्नेंस, शिक्षा, प्रशासन और प्रबंधन, निरीक्षण, प्रत्यायन और आकलन में अनुसंधान के क्षेत्र में एक व्यापक अनुभव है। उन्होंने अपनी पोस्ट डॉक्टरेट डिग्री आइसीटीपी, ट्राइस्टे, इटली से प्राप्त की है। वर्तमान में वे गुजवि और दीन बंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल सोनीपत दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति हैं। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अनेकों शैक्षणिक व प्रशासनिक उपलब्धियां हासिल की है। प्रो. टंकेश्वर कुमार एफआरपी के तहत पहले भारतीय यूजीसी प्रोफेसर, आइसीटीपी इटली में शोध नेतृत्व, अन्तर्राष्ट्रीय जनरल : वर्ल्ड कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स की संपादकीय टीम के सदस्य, यूजीसी नैक पीअर टीम के सदस्य, तथा नेशनल अकादमी ऑफ साइंसिज, भारत के सदस्य रह चुके है। विभिन्न प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में उनके 80 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

दैनिक जागरण - 25/11/16

# संविधान ने हमें सही रास्ता दिखाया : पुंडीर



संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित अतिथि।

हिसार। जीजेयू के कुल सचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा है कि संविधान ने हमें सही रास्ता दिखाया है। यह भारतीय संविधान की ताकत है कि इस देश में विभिन्न प्रकार की असमानताएं कम हो रही हैं। डॉ. पुंडीर शनिवार को विवि में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। विवि के मानव संसाधन विकास केंद्र की निदेशिका प्रो. बंदना पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है। पब्लिक रिलेशन एंड आउटरीच निदेशक प्रो. कर्मपाल ने संविधान की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने बताया कि संविधान में 101 संशोधन हो चुके हैं।

अमर उजाला 27/11/16

# संविधान दिवस पर सेमिनार

हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा है कि संविधान ने हमें सही रास्ता दिखाया है। यह भारतीय संविधान की ताकत है कि इस देश में विभिन्न प्रकार की असमानताएं कम हो रही हैं। डा. पुंडीर शनिवार को विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का संयोजन युवा कल्याण निदेशालय के सौजन्य से किया गया। विवि के मानव संसाधन विकास केन्द्र की निदेशिका प्रो. बंदना पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है। पब्लिक रिलेशन एंड आऊटरीच निदेशक प्रो. कर्मपाल ने संविधान की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने बताया कि संविधान में 101 संशोधन हो चुके हैं। भारत का संविधान दुनिया का सबसे श्रेष्ठ संविधान है । निदेशक युवा कल्याण अजीत सिंह स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मंच संचालन वाचस्पति ने किया। इस अवसर पर विवि के चीफ वार्डन प्रो. एससी कुंडू भी उपस्थित थे।

दैनिक जागरण 2